प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

8 अप्रैल 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ़) का परिचालन आरंभ करेगा

जैसा कि 8 अप्रैल 2022 के विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य में घोषित किया गया है, एक स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) का परिचालन तत्काल प्रभाव, अर्थात् 8 अप्रैल 2022 से आरंभ किया जा रहा है।

2. एसडीएफ, एलएएफ कॉरिडोर के आधार (फ्लोर) के रूप में नियत दर प्रतिवर्ती रेपो (एफआरआरआर) की जगह लेगा।

3. एसडीएफ दर नीतिगत रेपो दर से 25 आधार अंक (बीपीएस) कम अर्थात् 3.75 प्रतिशत होगी। पात्र प्रतिभागी नियत दर पर ओवरनाइट आधार पर आरबीआई के पास जमा राशि रख सकते हैं। हालांकि, भारतीय रिज़र्व बैंक, जब भी आवश्यकता होगी, एसडीएफ के तहत दीर्घावधि के लिए उचित मूल्य निर्धारण के साथ चलनिधि को अवशोषित करने का लचीलापन बरकरार रखता है।

4. शीर्षांकित योजना की मुख्य विशेषताएं और परिचालनगत विवरण अनुबंध में दिए गए हैं।

5. मौजूदा चलनिधि प्रबंधन ढांचे के तहत अन्य सभी चलनिधि व्यवस्थाएं पहले की तरह जारी रहेंगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/41